दिनांक–09.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में **Construction work of Panchayat Sarkar Bhawan in Kalyanpur block under Samastipur district: 1. Panchayat and village - Belsandi, 2. Panchayat - Sormar, village - Ratanpur, 3. Panchayat and village - Chakmehsi, 4. Panchayat - Jitwaria, village - Lachhrampur** कार्य से संबंधित प्राप्त निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की आहूत बैठक की कार्यवाहीः–

---

उपस्थितिः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री कुमार रवि,<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | – | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–<br>विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | – | सदस्य |
| (iii) | ई0 रामाज्ञा कुमार,<br>मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | सदस्य |
| (iv) | श्री विकास कुमार पाण्डेय,<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | – | सदस्य |

कार्यवाहीः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | Construction work of Panchayat Sarkar Bhawan in Kalyanpur block under Samastipur district: 1. Panchayat and village - Belsandi, 2. Panchayat - Sormar, village - Ratanpur, 3. Panchayat and village - Chakmehsi, 4. Panchayat - Jitwaria, village - Lachhrampur |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹10.00 करोड़ (04 अदद के लिए 2.50 करोड़ की दर से) (पंचायती राज्य विभाग का ज्ञापांक–53 (स्वी0), दिनांक– 25.10.2024) |
| 3. | तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित) | – | ₹10,27,43,923/- {मुख्य अभियंता (उत्तर) का पत्रांक–6481 अनु0 दिनांक–18.12.2024} |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹9,93,30,592/- |
| 5. | निविदा आमंत्रित की तिथि | – | 28.05.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 11.07.2025 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 11.07.2025 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक–25.06.2025 को 3.00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक–24.06.2025 को 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 12 (बारह) माह |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दैनिक समाचार पत्र। |
| 12. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | पी0आर0सं0–004828 (भवन)2025–26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | (i) TRISHUL ENGICON PVT LTD (Director-sanjay kumar singh), AN COLLEGE, BORING ROAD PATNA BIHAR-800001 |

- (ii) BRAJDHARI KUMAR, VILL-JALALPUR, LALGANJ, VAISHALI-844121.
- (iii) ARVIND KUMAR, YOGESH BHAWAN, BDIOS HOUSE ROAD, GAYA SINGH KHTAL, INDERPURI PATEL NAGAR, PHULWARI, PATNA-800024

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः–**

**प्रथम बार आमंत्रित निविदाः–** विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा की 120 दिनों की वैद्यता समाप्त हो जाने के कारण वित्त विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना सं0–7806, दिनांक–30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान में):–** विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया। उक्त सभी निविदाकारों को तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के पत्रांक–891 अनु0, दिनांक–18.07.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त निविदाकार द्वारा समर्पित किय गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच कर लिया गया है, जो सही पाया गया। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया किः–

(i) प्रथम निविदाकार "TRISHUL ENGICON PVT LTD (DIRECTOR-SANJAY KUMAR SINGH), AN COLLEGE, BORING ROAD PATNA BIHAR-800001" है। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पूर्णियाँ के पत्रांक–209 दिनांक–25.01.2025 द्वारा संवेदक TRISHUL ENGICON PVT LTD को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया गया था तथा दिनांक–29.08.2025 को डिबार मुक्त किया गया था। इस तथ्य को उनके द्वारा छुपाने के कारण Block-cum-Circle Office Building at Fatuha, Patna की निविदा में असफल घोषित करते हुए दिनांक–23.09.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक–सह–पठित ज्ञापांक–2629(P) दिनांक–24.09.2025 के आलोक में निविदाकार TRISHUL ENGICON PVT LTD को बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। वर्त्तमान निविदा दिनांक–28.05.2025 को प्रकाशित की गयी थी एवं निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11.07.2025 थी, इस अवधि में निविदाकार TRISHUL ENGICON PVT LTD डिबार थे। अतः निविदाकार TRISHUL ENGICON PVT LTD को **"नॉन–रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार "BRAJDHARI KUMAR, VILL-JALALPUR, LALGANJ, VAISHALI-844121" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 कंडिका–4.5A(c) के तहत मांगे गये Minimum Quantity of items of work excuted in one year के तहत Flooring works- 1800 sqm के विरूद्ध कोई अभिलेख समर्पित नहीं किया गया है एवं एस0बी0डी0 कंडिका–4.5A(b) के तहत समान प्रकृति के पूर्ण कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र से संबंधित अभिलेख समर्पित नहीं किया गया है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका–4.5A(c) एवं 4.5A(b) के तहत **"नॉन–रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iii) तृतीय निविदाकार "ARVIND KUMAR, YOGESH BHAWAN, BDIOS HOUSE ROAD, GAYA SINGH KHTAL, INDERPURI PATEL NAGAR, PHULWARI, PATNA-800024" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-</u>

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में भाग **लिये तीन निविदाकारों में से एकमात्र निविदाकार** "ARVIND KUMAR, YOGESH BHAWAN, BDIOS HOUSE ROAD, GAYA SINGH KHTAL, INDERPURI PATEL NAGAR, PHULWARI, PATNA-800024" को तकनीकी बीड में **'सफल' एवं अन्य दो निविदाकार** (i) "TRISHUL ENGICON PVT LTD (Director-sanjay kumar singh), AN COLLEGE, BORING ROAD PATNA BIHAR-800001" एवं (ii) "BRAJDHARI KUMAR, VILL-JALALPUR, LALGANJ, VAISHALI-844121" को **'असफल'** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही उक्त अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। तदालोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

16. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय:-</u>

विषयांकित कार्य Construction work of Panchayat Sarkar Bhawan in Kalyanpur block under Samastipur district: 1. Panchayat and village - Belsandi, 2. Panchayat - Sormar, village - Ratanpur, 3. Panchayat and village - Chakmehsi, 4. Panchayat - Jitwaria, village - Lachhrampur का निर्माण कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक-13.11.2025 की बैठक में की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही की प्रति को विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय। दिनांक- **15.01.2026** के पूर्वाह्न-**11:00** बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति यदि प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता(उत्तर) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य अभियंता(उत्तर) तकनीकी बीड में सफल एकमात्र निविदाकार का वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

17. विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार<br>भ0नि0वि0, पटना। | (रामाज्ञा कुमार)<br>मुख्य अभियंता(उत्तर)<br>भ0नि0वि0, पटना। | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना। | (कुमार रवि)<br>सचिव<br>भ0नि0वि0, पटना। |
|---|---|---|---|

मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–भ0उ0वि0/यो0(दर0)–229/2024 344 पटना, दिनांकः– 12/1/2026

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12.1.26
मुख्य अभियंता (उत्तर)।